साप्ताहिक

# खबरों की धड़कन

हर खबर पर नजर...

khabrokidhadkan@gmail.com
+91 93299 08805

RNI No.- MPHIN/2017/74891

वर्षः 8 | अंकः 28 | इंदौर | सोमवार, 2 दिसंबर - 8 दिसंबर 2024 | पृष्ठः 8 | मूल्यः 2 रुपए | प्रधान संपादकः पंकज पाण्डेय

## विचार

सच्चा पुत्र आज्ञाकारी होता है, सच्चा पिता प्रेम करने वाला होता है, और सच्चा मित्र ईमानदार होता है।
आचार्य चाणक्य

## अंदर के पेज की प्रमुख खबरें

पृष्ठ क्र : 02
आईडीए के लिए गले की हड्डी बन सकती है स्कीम नंबर 171

पृष्ठ क्र : 03
निगम बना रही सभी वार्डों में गोपालकों की सूची

औद्योगिक ईकाईयों पर 9 करोड़ 50 लाख का संपत्तिकर बकाया

पृष्ठ क्र : 06
तालाब में मछली पकड़ने गए व्यक्ति की नाव पलटी, मौत

पृष्ठ क्र : 07
छात्राओं से बैड टच करने वाला 50 साल का शिक्षक मुबारिक खान गिरफ्तार

# हिंदू कारोबारी हिंदुओं से ही व्यापार करें: धीरेन्द्र शास्त्री

**इंदौर**

धीरेंद्र शास्त्री बोले, हिंदू व्यापारियों को हिंदू को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। दुबई और आबूधाबी में कंपनी खोलने के लिए शेख होना जरूरी है, वहां के संविधान में इसका उल्लेख है। ऐसा हमारे देश में क्यों नहीं हो सकता।

इंदौर में आयोजित हिंदू युवा सम्मेलन में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी शामिल हुए। रग-रग हिंदू मेरा परिचय विषय पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू व्यापारी हिंदूओं से ही व्यापार करें। क्योंकि धर्मांतरण की सबसे बड़ी वजह बेरोजगारी है।

उन्होंने कहा, हिंदू व्यापारियों को हिंदुओं को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। दुबई और आबूधाबी में कंपनी खोलने के लिए शेख होना जरूरी है। वहां के संविधान में इसका उल्लेख है। ऐसा हमारे देश में क्यों नहीं हो सकता। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि अब एचआई की इस देश में जरूरत है। एचआई का मतलब है इलेक्चुअल हिंदू। अब यूनिटी ऑफ हिंदू और बिजनेसमैन हिंदू होना चाहिए। युवा एआई के दीवाने हैं, लेकिन रील लाइफ से निकलकर रियल लाइफ को जानना होगा। इसलिए एचआई पर फोकस करें।




देश के पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो रहा है। बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इस देश को बांग्लादेश बनने से बचाने के लिए हिंदुओं को संगठित होना जरूरी है। नहीं तो नेहा को हिना होने में और शालीन को साहिल होने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि जो भारत में रहते हैं, वे सब हिंदू हैं। चाहे वो मुस्लिम हों या ईसाई हों। उनके दादा परदादा हिंदू थे। हम मुसलमान को इसे देश से हटना नहीं चाहते। बस ये संदेश देना चाहते हैं कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। जो भारत को बांटना चाहते हैं, वो हमारे दुश्मन हैं।

### 'देश में हिंदू एक हो रहा'

विमानतल पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने चर्चा में कहा कि देश में हिंदू एकजुट हो रहा है। देश में छुआछूत को लेकर भी क्रांति खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, लेकिन इंदौर का प्रेम मुझे खींच लाया। सम्मेलन में मालवा निमाड़ के संत मौजूद रहे। बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री सम्मेलन में पांच घंटे देरी से आए। पहले आयोजन दोपहर एक बजे करने की घोषणा की। लालबाग में भीड़ भी जुटने लगी, लेकिन शास्त्री पांच घंटे देरी से सम्मेलन स्थल पर आए। छह बजे के बाद सम्मेलन शुरू हुआ। इस कारण कुछ ब्लॉक भी खाली रहे।

# दोबारा टेंडर जारी कर निगम ने बचाये पच्चीस करोड़



**इंदौर**

मास्टर प्लान की 23 सडक़ों का इस्तेमाल नगर निगम द्वारा केन्द्र सरकार से मिली विशेष मदद के तहत कराया जा रहा है। मगर इसके लिए तीन बार टेंडर बुलाना पड़े। हालांकि इससे निगम को 25 करोड़ रुपए का फायदा भी हुआ और इंदौर की ही दो फर्मों ने तीसरा बार भरे टेंडर में राशि घटा दी। अब चार पैकेजोंकी ये 23 सडक़ें अगले कुछ दिनों में बनना शुरू हो जाएगी। पूर्व में एक पैकेज की सडक़ों के टेंडर मंजूर हुए थे और अब शेष तीन पैकेजों के टेंडर भी 8 फीसदी कम दर पर आने के चलते मंजूर किए जा रहे हैं। अभी महापौर परिषद् की अगले हफ्ते होने वाली बैठक में इन टेंडरों को मंजूरी दी जाएगी और उसके बाद फिर परिषद् की बैठक में भी उसे रखकर मंजूर करेंगे। उसके पहले संबंधित फर्मों को वर्कऑर्डर देकर काम शुरू करवा दिया जाएगा।

# जनवरी में पटरी पर दौड़ेगी इन्दौरी मेट्रो



**इन्दौर**

इंदौर में 7,500.80 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण की नींव 14 सितंबर 2019 को रखी गई थी। इसके तहत शहर में करीब 31.50 किलोमीटर लम्बा मेट्रो रेल कॉरिडोर बनाया जाना है। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर में मेट्रो रेल का बरसों पुराना इंतजार साल 2025 की शुरुआत में खत्म हो सकता है. शुरुआत में शहर के गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर के स्टेशन क्रमांक-तीन के बीच 5.9 किलोमीटर के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले खंड पर मेट्रो रेल चलाई जाएगी।

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने बताया की शहर में मेट्रो रेल के स्टेशन इस तरह डिजाइन किए गए हैं, कि इनके जरिये छह डिब्बों की रेल चलाई जा सकती है. हालांकि, शुरुआत मे तीन डब्बो की ट्रेन चालयगे जिसमे तीन सौ लोग सफर कर सकते है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ये परीक्षण पूरे होते ही मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा जिसके बाद सीएमआरएस का दल इस मार्ग का निरीक्षण करके इंतजामों का जयजा लेगा सिएमआरएस की हरी झंडी के बाद हि ईस रूट पर मेट्रो का परिचालन शुरू किया जा सकेगा।

# सराफा, 56 दुकान के लिए निगम खरीदेगा 4 फायर बाइक

■ वर्कशॉप शाखा ने जारी किये 64 लाख के टेंडर, पहले भी की थी खरीदी।




**इन्दौर**

देश के सबसे स्वच्छ और स्मार्ट शहर में कई बार आग बुझाने में फायर पुलिस और नगर निगम की लापरवाही सामने आती है जिससे जानमाल का नुकसान हो जाता है। प्रशासन बाद में फायर सिस्टम सहित अन्य बिंदुओं पर जांच, कार्रवाई का अभियान चलाता है फिर कुछ दिनों में यह अभियान ठंडा पड़ जाता है। अब निगम सराफा और 56 दुकान के लिए 4 फायर बाइक खरीद रहा है जिसके लिए 64 लाख के टैंडर जारी किये गये हैं। इन बाइक में आग बुझाने के सभी संसाधन होंगे। पूर्व में भी बाइक खरीदी गई थी मगर सभी संसाधन नहीं थे।

प्रदेश की व्यासायिक राजधानी और देश के सबसे स्वच्छ, स्मार्ट शहर में आग बुझाने में कई बार विभागीय कर्मचारी लाचार साबित होते हैं। ऊंची इमारतों सहित शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके, अवैध कॉलोनी, गलियों में फायर की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच पाती है। गर्मी के मौसम में सबसे अधिक आगजनी की घटना होती है। इमारतों सहित कई बाजारों में, मॉल में फायर सिस्टम नहीं होता है या एक्सपायर हो जाता है। अब निगम ने फायर बाइक खरीदने के लिए टैंडर जारी किये हैं।



# आईडीए के लिए गले की हड्डी बन सकती है स्कीम नंबर 171

■ पाँच करोड़ चोरियासी लाख इंदौर विकास प्राधिकरण को लेना है

■ अब तक दो करोड़ ही ज़मा हो पाये

इंदौर

शहर के सुनियोजित विकास का जिम्मा जिस इंदौर विकास प्रधिकर के पास है क्या वह शासन के कठिन नियम कायदों के कारण और शहर के विकास को लेकर अधिकारियों की अदूरदृष्टिता के चलते आईडीए के ही बोर्ड प्रस्ताव को सफल करने में विफल होता नज़र आ रहा है आईडीए की स्कीम नंबर 171 जिसे मुक्त करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में एक साल पहले हुआ उसी स्कीम के विकास पर खर्च किए गए पाँच करोड़ चोरियासी लाख इंदौर विकास प्राधिकरण ज़मीन मालिको से वसूल नहीं कर पा रहा है अब तक मात्र उन्नीस लाख रुपये ही आईडीए के खाते में ज़मा हो पाये ऐसे में विकास पर किए गए खर्च का शुल्क वसूली की अंतिम तारीख़ 22 दिसंबर करीब है तक यह राशि जमा होती नज़र नहीं आ रही है जिसके चलते स्कीम नंबर 171 मुक्त नहीं हो पाएगी

इंदौर विकास प्राधिकरण की 171 स्कीम को मुक्त करने के लिए बोर्ड बैठक में 26/08/2023 को प्रस्ताव हुआ था की इस योजना को मुक्त कीया जाये बोर्ड प्रस्ताव से इंदौर शहर की इस योजना की बेशकीमती ज़मीन




51.553 हेक्टेयर ज़मीन मतलब पन्द्रह लाख पंद्रह हजार पाँच सो तीस वर्ग मीटर भूमि मुक्त की जाना है जिसमे निजी भुमी 115.5827हेक्टेयर मतलब ग्यारह लाख 58हजार 270 स्केवर मिटर और सरकारी ज़मीन 3 लाख सत्तावन हज़ार 260 स्केवर मिटर भूमी स्वामी शामिल है यह स्कीम मुक्त करने का प्रस्ताव 2020 के उस नियम जिसमे 25 साल से अधिक की स्कीम जिसमे आईडीए ने दस प्रतिशत से कम राशि खर्च की हो को इस शर्त पर मुक्त किया जा सकता है जिसकी खर्च राशि वसूल आईडीए करेगा उस स्कीम मुक्त किया जा सकता है हालाकि बोर्ड ने इस नियम में आने वाली सिर्फ 171 स्कीम का ही प्रस्ताव लिया इस स्कीम पर खर्च हुए पाँच करोड़ रुपये 84 लाख वसूलने का लक्ष्य रखा गया लेकिन शासन से इस योजन को छोड़ जाने का पत्र प्राप्त होने के बावजूद अब तक योजना में शामिल ज़मीन को मुक्त किए जाने के पहले खर्च राशि वसूल नहीं हो पाई है लगता भी यही है कि इदौर विकास प्राधिकरण ज़मीन मालिको से यह राशि वसूल नहीं कर पायेगा अब तक मात्र दो करोड़ रुपये ही आईडीए के खाते में ज़मा हो पाये है,ऐसे में विकास पर किए गए खर्च का शुल्क वसूली नहीं होने पर योजना मुक्त नहीं हो पाएगी और बोर्ड बैठक में फिर में नया प्रस्ताव लाया जाएगा

### साल 2012 में लगी थी स्कीम 171

इंदौर विकास प्राधिकरण की यह स्कीम 171 साल 2012 में लगाई गई थी इस स्कीम में होटल रेडिशन चोराहे से स्टार चोराहे तक की ज़मीन शामिल है इस योजना में शामिल जमीन अब बेशकीमती हो गई है जिसमे कई ग्रह निर्माण संस्था की ज़मीने भी है मुख्य रूप से न्याय नगर ग्रह निर्माण संस्था की ज़मीन शामिल है।

# सीबीआई ने जीएसटी अफसर को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

इंदौर

इंदौर प्लास्टिक कारोबारी का जीएसटी ब्लॉक कर रिश्वत की मांग कर रहे अफसर को सीबीआई की टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई के पहले सीबीआई की टीम ने अफसर की आवाज रिकॉर्ड कर एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) अफसर को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अफसर प्लास्टिक एवं मशीनरी कारोबारी का जीएसटी/आईटीसी ब्लॉक कर रुपयों की मांग कर रहा था।

छापे के पहले सीबीआई ने अफसर की आवाज रिकॉर्ड करवाई और एफआईआर दर्ज कर ली। सीबीआई (भोपाल) के मुताबिक साईं शक्तिनगर (राऊ) निवासी सीताराम चौधरी ने जीएसटी अधीक्षक केपी राजन के संबंध में लिखित शिकायत की थी। चौधरी की पत्नी भारती की उशाई इंडस्ट्री के नाम से फर्म है। वह प्लास्टिक एवं मशीनरी संबंधित व्यवसाय करती हैं। कुछ दिनों पहले विभाग ने उनकी फर्म का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) एवं इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ब्लॉक कर दिया गया था।

### 15 हजार रुपये की मांग की

सीताराम ने इस संबंध में अधीक्षक केपी राजन से मुलाकात की तो उसने अनब्लॉक करने के बदले 15 हजार रुपये की मांग की। केपी राजन द्वारा टैक्स और पैनल्टी लगाने का दबाव बनाया गया। सीताराम ने परिचितों के माध्यम से सीबीआई एसपी शुभेंद्र कट्टा (आईआरएस) को शिकायत कर दी।

### सादे कपड़ों में पहुंची टीम और अधिकारी को पकड़ लिया

सीबीआई अफसरों ने सीताराम और केपी राजन के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग करवा कर पीसी एक्ट 1988 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। टीम सादे कपड़ों में जीएसटी ऑफिस पहुंची और केपी राजन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद टीम ने उसके केबिन और घर की भी तलाशी ली।

### कोट की जेब में रिश्वत रखते ही पहुंची सीबीआई

सीताराम चौधरी ने कुछ दिनों पूर्व एक अन्य व्यापारी से माल खरीदा था। उसने जीएसटी नहीं भरने पर उशाई इंडस्ट्री पर कार्रवाई कर दी। केपी राजन द्वारा रिश्वत मांगने पर सीताराम ने वरिष्ठ अफसरों से संपर्क कर खाते अनब्लॉक करवा लिए, लेकिन केपी राजन रुपये मांगता रहा। उसके द्वारा पैनल्टी लगाने की धमकी देने पर सीबीआई को शिकायत की। गुरुवार को सीताराम रुपये लेकर जीपीओ स्थित ऑफिस पहुंचा और केपी राजन को रुपये दिए। केपी राजन ने जैसे ही कोट की जेब में रुपये रखे, तभी टीम ने उसे पकड़ लिया। छापे से जीएसटी कार्यालय में हड़कंप मच गया।

# सड़क के लिए जमीन देने के 24 साल बाद मिले 60 लाख रूपए...



■ 24 वर्षों के संघर्ष के बाद मिला न्याय....

■ वर्षों तक निगम के अधिकारी देते रहे आश्वासन...

■ महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दी बड़ी राहत...

इंदौर

इंदौर में एक ऐसी कहानी सामने आई है, जो न्याय की प्रतीक्षा, संघर्ष, और अंततः उम्मीदों के पूरे होने का प्रतीक बन गई। यह कहानी है श्याम तिवारी की, जिन्होंने करीब दो दशक पहले इंदौर के माणिकबाग ब्रिज और सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन,सरकार को समर्पित कर दी थी। लेकिन इसके बदले उन्हें केवल वादे और आश्वासन ही मिले। समय के साथ, उनके संघर्ष ने उन्हें थका दिया, और उम्मीदों का आकाश धुंधला पड़ने लगा।श्याम तिवारी के जीवन में यह मोड़ तब आया जब इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उनके मामले में हस्तक्षेप किया। एक फोन कॉल ने उनकी वर्षों की बेचैनी और दर्द को सुलझाने की दिशा दी। महापौर ने उन्हें नगर निगम मुख्यालय बुलाया और 60 लाख रुपये का चेक सौंपा।चेक को हाथ में लेते ही श्याम तिवारी की आंखें भर आईं। यह सिर्फ एक आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि उनके लंबे संघर्ष और धैर्य की जीत थी। भावुक तिवारी ने महापौर को अपनी दुआएं देते हुए कहा, 'आज मेरे विश्वास को फिर से एक नई ताकत मिली है।

वही महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी श्याम तिवारी को देरी से मिले न्याय पर खेद जताया है और शहरहित में उनके योगदान के लिए आभार जताया है।

# बकायादारों से अब ढोल ढमाके के साथ घर पहुंचकर हो रही वसूली




■ वित्तीय वर्ष में 1 हजार करोड़ राजस्व लाने का निगम ने रखा लक्ष्य।

■ अब तक साढ़े 5 सौ करोड़ आए।

इन्दौर

चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने 1 हजार करोड़ रूपये राजस्व लाने का लक्ष्य रखा है। यदि यह आंकड़ा पा लिया जाता है तो निगम के इतिहास में पहली बार होगा जब इतनी राशि एक साल में आई होगी। आयुक्त के निर्देश पर अब कर्मचारी बकायादारों के घर ढोल ढमाके के साथ पैसा लेने पहुंच रहे हैं। कल झोन क्रमांक 3 के तहत देवी अहिल्या मार्ग पर साढ़े 15 लाख रूपये बकाया होने पर एक संपत्ति सील भी की गई। इसी तरह कई कॉलोनियों, बाजारों में ढोल बजाए गये। बकायादारों ने कई जगह एक दो दिन में संपत्तिकर जमा करने का वादा किया। हर वार्ड के 50 हजार से बड़े बकायादारों की सूची निगम ने बनाई है।

पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम को राजस्व का भारी नुकसान हुआ था अर्थात ई नगर पालिका पोर्टल बंद होने से करीब 300 करोड़ का राजस्व निगम को नहीं मिला था। करीब 747 करोड़ का कुल राजस्व आया था। जबकि बड़े बकायादारो की सूची भी जारी हुई थी। अब इस साल अब तक जहां खजाने में साढ़े 5 सौ करोड़ रूपये आए हैं वहीं मार्च 2025 तक कुल 1 हजार करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। अपर आयुक्त नरेंद्र पांडे के अनुसार हर झोन में वसूली के लिए 50 हजार से अधिक के बकायादारों को पहले चिन्हित किया गया है। इसके अलावा वार्डों की सूची भी बनाई गई है जो बिल कलेक्टर को दी गई है। पहली बार है जब बकायादारों के घर, कार्यालय या अन्य संपत्ति से टैक्स वसूली के लिए ढोल ढमाके बजाकर चेतावनी दी जा रही है। पहले नोटिस या कर्मचारी घर जाकर वसूली के लिए निवेदन करता था मगर दबाव, प्रभाव के कारण निगम को पैसा नहीं मिलता था।



# निगम बना रही सभी वार्डों में गोपालकों की सूची

■ सड़कों पर विचरण करती गायों को गोशाला भेजेंगे, कोई नेता हस्तक्षेप कर दबाव बनाता है तो उसका नाम सार्वजनिक करेंगे- धर्मेंद्रसिंह बैस

देवास

सड़कों पर विचरण करती गोमाताओं को नगर निगम के द्वारा गोशालाओं में पहुंचाया जा रहा है। वहां गोमाता की उचित देखभाल की जा रही है। निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बेस ने कहा कि मेरा जनप्रतिनिधियों से निवेदन है, कि इस कार्य में हस्तक्षेप कर दबाव ना बनाएं। ऐसे जनप्रतिनिधियों के नाम हम सार्वजनिक करेंगे जो गोशाला से बगैर जुर्माना दिए गोमाता को छुड़वाने के लिए दबाव बनाते हैं। साथ ही ऐसे गोपालकों के नाम भी सार्वजनिक करेंगे जो गायों को सडकों पर घुमने के लिए छोड़ते हैं। समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस ने कहा कि गोमाता पूजनीय है। कई लोग गायों को तो पालते हैं लेकिन उनकी उचित देखभाल नहीं करते। उन्हें दूध निकालने के बाद सड़क पर विचरण के लिए छोड़ देते हैं। वह कचरे के ढेर में भोजन की तलाश करती है। कई बार पन्नी तक निगल जाती है, जिससे उन्हें गंभीर बीमारी



का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया शहर की सड़कों पर भटकते हुए मवेशियों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान शुरू कर रखा है। साथ ही शहर के सभी 45 वार्डो में गोपालकों की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्हें हिदायत दी जा रही है कि वे अपने पशु की देखरेख करें और उन्हें खुला ना छोड़े। अगर मवेशी सड़कों पर भटकते हुए नजर आए तो उन्हें गोशाला में पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर विचरण करते हुए मवेशियों पर नियंत्रण के लिए अगस्त माह में गृह विभाग मप्र शासन की ओर से आदेश जारी हुआ था। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि निगम सीमा में बड़ी संख्या में मवेशियों के मुख्य मार्गों पर आवागमन के कारण ट्रेफिक जाम एवं आमजन के दैनिक जीवन में हो रही असुविधा के दृष्टिगत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में निर्देशित किया गया कि अपने-अपने वार्डो में गोपालकों की सूची 3 दिवस के भीतर में प्रस्तुत करें। लेकिन निर्धारित समयावधि में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। सूची प्रस्तुत न करने एवं आदेश का पालन न करने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त के निर्देशों के पालन मे सभी वार्डों में संबंधित कर्मचारी गोपालकों की जानकारी जुटा रहे हैं। गोपालकों को हिदायत दी जा रही है कि वह गायों को दूध निकालने के बाद के लिए सड़कों पर विचरण करने के लिए न छोड़ें, गायों की उचित देखभाल करें। अगर सड़कों पर घुमते हुए गायें मिली तो उन्हें गौशालाओं में पहुंचाया जाएगा। इसके बाद जो भी गोपालक छुड़ाने के लिए आता है तो उस पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। गोशाला के नोडल अधिकारी हरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया हमारी टीम सड़कों से गायों को पकड़ रही है। उन्हें उन गोशालाओं में पहुंचाया जा रहा है, जहां गायों की संख्या कम है। सभी वार्डों में सर्वे भी किया जा रहा है।

## हाईकोर्ट का आदेशः ग्रीन बेल्ट से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का नोटिस



देवास

हाईकोर्ट इंदौर ने इंदौर-भोपाल बायपास मार्ग (रसूलपुर) पर स्थित ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम को आदेश दिए हैं। कोर्ट के निर्देश के अनुसार, 15 दिन का नोटिस जारी किया जाएगा और यदि भूमि स्वामी स्वेच्छा से निर्माण नहीं हटाता, तो निगम की टीम कार्रवाई करेगी। कार्रवाई से पहले जिलाधीश द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा और विभिन्न विभागों की एक टीम गठित की जाएगी, जिसमें नगर निगम, लोनिवि और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि इस कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी, जिसे डिजिटल पोर्टल पर अपलोड कर पुलिस प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने कहा कि ग्रीन बेल्ट पर कोई भी निर्माण शासन के नियमानुसार अवैध होता है। इस संबंध में हाईकोर्ट ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं, और हम उन निर्देशों का पालन करते हुए कार्यवाही करेंगे।

## हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

देवास

न्यू देवास क्षेत्र में डबल स्टोरी मकान के निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मकान मालिक उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। हादसा शनिवार शाम को हुआ। मृतक के रिश्तेदार संदीप तिलवादिया ने बताया कि रामचंदर सिंह तिलावदिया उम्र 40 निवासी सीहोर हालमुकाम न्यू देवास उनके घर के समीप ही किसी मकान में सिलावटी का कार्य कर रहे थे। काम करने के दौरान करंट लगने से उनकी मौत हो गई।

घटना स्थल के आसपास के रहवासियों का कहना है कि बिजली बंद थी। तभी वह कार्य कर रहे थे लेकिन काम करते समय अचानक बिजली चालू हो गई। जिसके चलते वह बिजली लाईन की चपेट में आ गए। जिसके कारण मौत हो गई। मृतक पिछले कई वर्षों से सिलावटी का कार्य करता था। दूसरी मंजिल पर वॉल बनाने के दौरान हादसा हुआ। घर के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाईन गुजरी थी। फिलहाल मामले को पुलिस ने जांच में लिया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन पहुंची देवास, माता टेकरी के किए दर्शन

देवास

गुरुवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी जशोदाबेन इंदौर से देवास पहुंचीं। सबसे पहले उन्होंने देवास स्थित माता टेकरी पर दर्शन किए, जहां उन्होंने मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद जशोदाबेन ने आवास नगर पहुंची, जहां वह एक परिचित के घर गई और कुछ समय उनके साथ बिताया। उसके बाद वे अलकापुरी क्षेत्र में भी एक परिचित के घर पहुंची और वहां करीब एक घंटे तक रुकीं। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे और पुलिस बल तैनात रहा। दर्शन करने के बाद जशोदाबेन उज्जैन के लिए रवाना हो गईं।



## अमृत सिंह राजपूत देवास विधान सभा के अध्यक्ष मनोनीत



देवास

सर्व समाज जनसेवक संगठन की महत्वपूर्ण बैठक 29 नवंबर 2024 को बाबा महाँकाल की पावन नगरी रामजनार्दन परिसर में सम्पन्न हुई जिसमें 'प्रदेश कार्यकारिणी, लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा अध्यक्ष तथा प्रदेश महिला कार्यकारिणी की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव, संभाग प्रभारी सुरेश सोलंकी, संभाग अध्यक्ष देवेंद्र दुबे लोकसभा अध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया वरिष्ठ समाजसेवी हरिसिंह यादव, रमेशचंद्र यादव की अनुशंसा से सर्व समाज जनसेवक संगठन द्वारा अमृत सिंह राजपूत को देवास विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजपूत द्वारा अतिशीघ्र अपने विधानसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार कर नियुक्तियां दी जाएगी।अमृत सिंह राजपूत नियुक्ति पर राजेश मेथानिया ईश्वर मालवीय प्रदीप डोंगलिया,अर्जुन मालवीय, रोहित सोलंकी, रवि गायकवाड़ आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाईयां दी।

## औद्योगिक ईकाईयों पर 9 करोड़ 50 लाख का संपत्तिकर बकाया

■ निगम सख्त कार्यवाही कर संपत्तिकर की वसुली करेगा



देवास

औद्योगिक क्षेत्र मे स्थित 383 औद्योगिक ईकाईयों पर संपत्तिकर की राशि का 9 करोड़ 50 लाख बकाया होने की दशा मे नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसुली सख्ती से करेगा। इस हेतु निगम द्वारा औद्योगिक ईकाईयों का संपत्तिकर बकाया होने के बिला जारी किये जाकर तामिल कराये जा रहे है। साथ ही ईकाईयों के ईमेल के माध्यम से भी बकाया संपत्ती की सूचना दी जा रही है। जिन औद्योगिक ईकाईयों द्वारा संपत्तिकर जमा नही कराया जा रहा है। उनके विरूद्ध प्रकरण तैयार कर विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। ईकाईयों से संपत्तिकर की वसुली हेतु महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देश पर आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा वसुली दल का गठन भी किया गया है। जिसमे दल प्रभारी प्र. सहायक यंत्री दिनेश चौहान को बनाया जाकर राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक एवं राजस्व निरीक्षक राजेश जोशी को दल मे शामिल कर वसुली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के मार्गदर्शन मे औद्योगिक ईकाईयों से संपत्तिकर की वसुली की कार्यवाही करेगा।

है आपकी कोई समस्या...,
जिसका नहीं हो रहा समाधान...
अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान...
बार बार शिकायत कर आप हैं परेशान...
तो अपनी समस्या, और शिकायत बताएं हमें...
हम उठाएंगे आपकी आवाज...
समस्या का कराएंगे समाधान...
आपके हक में सदा आपकी
आवाज बनेंगे हम...
क्योंकि हम हैं...
साप्ताहिक खबरों की धड़कन
@KHABROKIDHADKAN


मोबाइल न. +91 93299 08805

# कोर्ट पर सवाल पैदा करते कोर्ट के आदेश

संभल में हुई हिंसा ने देश में एक बार फिर धार्मिक सहिष्णुता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। एक्ट 1991 के बावजूद, देश में धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। संभल का मामला इस बात का एक उदाहरण है कि कैसे न्यायपालिका का एक फैसला भी सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकता है। संभल में जो कुछ घट रहा है वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि Places of Worship Act, 1991 जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गई, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में।

### इतनी जल्दी क्यों

संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? दोपहर दो बजे एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और उसी दिन पांच बजे सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी?



### किस काम का कानून

Places of Worship Act, 1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आए दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है।

### छूट क्यों

ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है। इसकी एक वजह खुद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा की गई Places of Worship Act की अतिरिक्त व्याख्या है।

मई 2022 में चंद्रचूड़ ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। इस व्याख्या ने विवादों को पैर जमाने की जगह दे दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है।

### दिशा-निर्देश जरूरी

सुप्रीम कोर्ट में 1991 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं। 2022 में तत्कालीन CJI यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। सरकार की चुप्पी और निचली अदालतों की अतिरिक्त तेजी से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देकर निचली अदालतों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे कि इस तरह के मामलों को किस तरह से हैंडल करना है, वरना यह आग फैलती ही जाएगी।

# आखिर अडानी पर ही क्यों लग रहे आरोप

**देश के जाने-माने उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे ताजा आरोपों ने देश और दुनिया में हलचल मचा दी है। अमेरिकी नियामक एजेंसी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन (SEC) ने अडानी ग्रुप पर भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के ठेके हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। हालांकि, अडानी ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया है। देश के जाने माने अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने के ताजा आरोपों ने एक बार फिर राजनीति से लेकर बाजार तक सबको हिला दिया है। हालांकि ये अभी आरोप ही हैं, जिनका अडाणी ग्रुप ने खंडन किया है।**



### ■ अमेरिकी नियामक के आरोप

इस ग्रुप से जुड़ा पिछला विवाद अमेरिका के ही एक प्राइवेट एनालिस्ट फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर था, जिसमें इस ग्रुप पर अपने शेयरों के भाव गलत ढंग से चढ़ाने का आरोप लगाया गया था। मगर इस बार मामला किसी प्राइवेट पार्टी का नहीं बल्कि अमेरिकी नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन (SEC) का है। अमेरिकी अभियोजकों के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने भारत में अपने सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अधिकारियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया।

### ■ मुश्किल चुनौतियां

आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि SEC की जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता और यह भी कि SEC के साथ विवाद में पड़ने वाली कंपनियों की सूची में सीमेंस, पेट्रोब्रास, हॉलिबर्टन और गोल्डमैन सैक्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अडानी ग्रुप की आगे की राह आसान साबित होने वाली है।

### ■ निवेश जुटाना कठिन

ताजा विवाद का पहला प्रत्यक्ष प्रभाव यह हो सकता है कि अमेरिका में निवेश जुटाना इस ग्रुप के लिए कम से कम आने वाले कुछ समय के लिए खासा मुश्किल हो जाए। अन्य देशों में भी इसके प्रोजेक्ट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसका उदाहरण केन्या से आई वह खबर है, जिसके मुताबिक वहां की सरकार ने SEC के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप से जुड़ी करीब 2.5 बिलियन डॉलर की डील कैंसल कर दी।

### ■ लगे अंकुश

जहां तक भारत के अंदर के सिस्टम और उसके निगरानी तंत्र की बात है तो इस विवाद ने उस पर वाजिब सवाल खड़े किए हैं। लेकिन यहां इस तरह की अनियमितताओं के आरोप नए नहीं हैं। सारे आरोप सही नहीं साबित होते, लेकिन ऐसे तमाम मामलों में एक बात कॉमन रहती है कि कंपनियां या ग्रुप नियम-कानूनों को अपने मुताबिक तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश करते हैं और सरकारी अधिकारी व नेता इसमें उनकी पूरी मदद करते हैं। अफसोस की बात यह है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने की कोई उम्मीद अभी भी नजर नहीं आ रही है।

# तलाक के बाद कौन तय करेगा पत्नी के भत्ते की रकम

**सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामले में पत्नी को 1.75 लाख रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि गुजारा भत्ता तय करते समय महिला के जीवन स्तर को ध्यान में रखना जरूरी है। फैसला फैमिली कोर्ट के फैसले को बहाल करते हुए दिया गया। हाईकोर्ट ने पहले यह रकम घटाकर 80,000 रुपये कर दी थी। तलाक से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रक्रिया के दौरान पत्नी को 1.75 लाख रुपये महीना गुजारा भत्ता दिया जाए। बेशक यह रकम पहली नजर में खासी बड़ी लगती है, लेकिन इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फैसला जिन आधारों पर दिया गया है, वे व्यक्ति की गरिमा को नए सिरे से रेखांकित करते हैं।**



### ■ फैमिली कोर्ट का फैसला बहाल

मसला एक ऐसे कपल का था जिसकी 2008 में शादी हुई और 2019 में पति की ओर से तलाक की अर्जी दी गई। पति को पहली शादी से एक बेटा था, मगर इस शादी में कोई संतान नहीं हुई। दिलचस्प है कि फैमिली कोर्ट ने पति की आमदनी के तमाम स्रोतों का ब्योरा देखने के बाद अंतरिम गुजारा भत्ता 1.75 लाख रुपये मासिक ही तय किया था जिसे हाईकोर्ट ने घटाकर 80,000 रुपये मासिक कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के फैसले को बहाल किया।

### ■ सोशल स्टेटस है अहम

मामले की सुनवाई के दौरान कई तरह के सवाल उठे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा अहमियत इस बात को दी कि शादी के दौरान महिला जिस तरह की लाइफस्टाइल की आदी थी, वह बरकरार रहनी चाहिए। यह बात भी अदालत की जानकारी में आई कि शादी से पहले महिला जॉब कर रही थी जो उसे पति की जिद के कारण छोड़नी पड़ी। अपने देश में अक्सर शादी के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़नी पड़ती है जिससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता समाप्त हो जाती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि गुजारा भत्ता तय करते समय जिंदा रहने की न्यूनतम आवश्यकताओं को ही नहीं, सोशल स्टेटस को भी प्रमुख आधार बनाया जाए।

### ■ न्याय की दिशा

वैसे, यह फैसला अपने आप में अनोखा या अपवाद नहीं है। हाल के वर्षों में आए कई अहम फैसलों की यही दिशा रही है। फिर भी इस फैसले की अहमियत इस मायने में है कि इसने न्यायपालिका के इस प्रगतिशील रुख पर इतना जोर दिया है कि यह एक झटके में समाज के संज्ञान में आता है।

### ■ सोच बदलने की जरूरत

ध्यान रहे, भारत आज भी उन देशों में शामिल है, जहां तलाक की दर न्यूनतम स्तर पर है। ऐसा तब है जब नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के मुताबिक देश में 18 से 49 वर्ष के उम्र की करीब 30 फीसदी शादीशुदा महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। जाहिर है, मजबूरी में चलती शादियों को तलाक से बेहतर मानने की सोच बदलने की जरूरत है और सुप्रीम कोर्ट के ऐसे फैसले इसमें मदद कर सकते हैं।

# पुष्पा 2 द रूल की रिलीज से पहले धमाल मचाएगा 'पीलिंग्स सॉन्ग'



**आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल इस गुरुवार को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है और फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। इस फिल्म की रिलीज से पहले आज फिल्म का एक और धमाकेदार पीलिंग्स सॉन्ग रविवार को रिलीज होगा।**

साल की सबसे ज्यादा इंतजार की गई फिल्म पुष्पा 2 द रूल अब रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक और गाना रिलीज करने की योजना बनाते हुए 'पीलिंग्स सॉन्ग' का एक प्रोमो जारी किया था, लेकिन गाने की रिलीज की तारीख तो बताई थी, लेकिन समय निर्धारित नहीं किया था, लेकिन अब अल्लू और रश्मिका के प्रशंसक इस गाने को देख सकेंगे।

सुकुमार द्वारा निर्देशित इस अखिल भारतीय फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी फिर से नजर आएगी। इससे पहले पुष्पा द राइज में दोनों की जोड़ी को प्रशंसकों ने खूब पसंद किया था। निर्माताओं ने फिल्म के पीलिंग्स गाने की रिलीज की घोषणा की है, जो अल्लू अर्जुन और रश्मिका पर आधारित एक हाई-एनर्जी डांस नंबर है। गाने का 1 मिनट का टीजर रविवार शाम 6:03 बजे रिलीज कर दिया गया, साथ ही लिरिकल गाना भी, जो प्रशंसकों के उत्साह को और बढ़ा देगा।

इस गाने से पहले श्रीलीला के साथ अल्लू का किसिक गाना पहले ही हिट हो चुका है। फिल्म में फहाद फासिल, सुनील, जगपति बाबू, जगदीश और अनसूया भारद्वाज जैसे कलाकारों की टोली मुख्य भूमिकाओं में है। मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में देवी श्री प्रसाद का संगीत है, साथ ही थमन और सैम सीएस द्वारा तैयार किए गए अतिरिक्त बैकग्राउंड स्कोर भी हैं।

दरअसल, आपको इस गाने में नजर आएगा पुष्पराज और श्रीवल्ली का रोमांटिक अंदाज। इस फिल्म का लोग काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 5 दिसंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसको लेकर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। साभार

# बॉक्स ऑफिस पर तेज रफ्तार से दौड़ रही 'भूल भुलैया 3'



बॉक्स ऑफिस शनिवार के दिन कुछ फिल्मों ने शानदार प्रदर्शन किया तो वहीं कुछ को अपेक्षाओं के अनुसार परिणाम नहीं मिले। 'भूल भुलैया 3' और 'अमरण' जैसी फिल्मों को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रियाएं मिलीं, जबकि सिंघम 3 की रफ्तार उतनी अच्छी नजर नहीं आई। आइए जानते हैं इस शनिवार बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों ने कितनी कमाई की।

### भूल भुलैया 3

अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन ने अपनी अदाकारी से सबसे दिल जीते हैं। शनिवार को फिल्म ने दो करोड़ रुपये की कमाई की। अब तक फिल्म का कुल कलेक्शन 255.40 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। फिल्म ने अपने डरावने और मनोरंजक मिश्रण से दर्शकों पर अपना खूब जादू चलाया है।

### अमरण

शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी की फिल्म 'अमरण' ने शनिवार को एक करोड़ 39 लाख रुपये का कलेक्शन किया, जिससे फिल्म का कुल कलेक्शन 214.24 करोड़ रुपये हो गया। फिल्म की कहानी और बेहतरीन अभिनय ने दर्शकों को आकर्षित किया है। इसी वजह से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफलता के झंडे गाड़ रही है।

### सिंघम अगेन

अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारों के बावजूद 'सिंघम अगेन' ने शनिवार को एक करोड़ पांच लाख रुपये की कमाई की। अब तक फिल्म का कुल कलेक्शन 245.15 करोड़ रुपये हो गया है। यह अब असफल फिल्मों की श्रेणी में आ चुकी है।

### द साबरमती रिपोर्ट

विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का प्रदर्शन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। शनिवार को फिल्म ने एक करोड़ 53 लाख रुपये की कमाई की। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 25.63 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म अब तक अपने बजट को भी पार नहीं कर सकी है। साभार

# मणिरत्नम की 'थलाइवर 173' में नजर आएंगे रजनीकांत

■ जन्मदिन पर फैंस को देने वाले हैं दोहरी सौगात

**अभिनेता रजनीकांत अपने जन्मदिन पर फैंस को कुछ नई सौगात देने वाले हैं। रजनीकांत-मणिरत्नम के साथ अपनी नई फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। फिल्म निर्माता मणिरत्नम 34 साल बाद अभिनेता रजनीकांत के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मणिरत्नम और रजनीकांत के इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा 12 दिसंबर तक होने की उम्मीद है।**

### फिर साथ काम करेंगे रजनीकांत-मणिरत्नम

रजनीकांत और मणिरत्नम की इस नई फिल्म का नाम 'थलाइवर 173' है। वे फिल्म के जरिए फिर से फैंस को सरप्राइज देने जा रहे हैं। खबरों की मानें तो यह फिल्म जुलाई 2025 में रिलीज हो सकती है। मणिरत्नम का प्रोडक्शन हाउस और मद्रास टॉकीज मिलकर इस फिल्म 'थलाइवर 173' को बनाने जा रहे हैं।

### 'जेलर 2' का प्रोमो भी होगा जारी

रजनीकांत अपने जन्मदिन पर जेलर 2 का प्रोमो जारी करने वाले हैं। जन्मदिन के मौके पर रजनीकांत अपनी 400 करोड़ की फिल्म का प्रोमो भी रिलीज करने वाले हैं। इसके जरिए रजनीकांत अपने प्रशंसकों को दोहरी सौगात देने वाले हैं। फिल्म 'जेलर' में रजनीकांत के एक्शन ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उनकी एक्टिंग ने तो फैंस का दिल जीता ही।

### मणिरत्नम के साथ काम कर चुके हैं रजनीकांत

इससे पहले भी रजनीकांत और मणिरत्नम साथ में काम कर चुके हैं। साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म थलपति के लिए एक दूसरे के साथ काम किया था। रजनीकांत हाल ही में वैट्टैयन में नजर आए। फिल्म में एनकाउंटर और मानवाधिकार उल्लंघन के मसले पर बात की गई। उनकी फिल्म जय भीम को भी काफी सराहा गया। 'वेट्टैयन' के तमिल वर्जन में अमिताभ बच्चन की डबिंग प्रकाश राज ने की।

### अमिताभ के साथ रिलीज हुई फिल्म



अमिताभ बच्चन और रजनीकांत 1991 की फिल्म 'हम' के वर्षों बाद 'वेट्टैयन' के साथ बड़े पर्दे पर साथ आए। इस पुनर्मिलन ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया था। हालांकि, 'वेट्टैयन' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस जोड़ी और फहद फासिल के अलावा, फिल्म में राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशारा विजयन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए। साभार

# रोज चिंता में रहते हैं दिलजीत दोसांझः कहा- मुझे इतनी टेंशन होती है, बता भी नहीं सकता



सिंगर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने दिल लुमिनाटी टूर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सिंगर ने हाल ही में पुणे में शो किया था, जिस दौरान उन्होंने अपनी चिंता पर बात की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें रोज काफी टेंशन होती है, लेकिन उनके पास इसे दूर करने का नुस्खा है। दिलजीत दोसांझ ने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने कॉन्सर्ट की वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है, जब कोई चीज मिल जाए तो कहते हैं किसी को बताना नहीं चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि सबकी बारी तो आनी ही है। अगर आप योग करते हो तो आप चाहे जो भी काम करते हो, तो आपके काम की स्पीड डबल हो जाएगी। क्योंकि उससे सब कुछ अलाइन हो जाएगा। योग आपकी जर्नी है और आपके अंदर का अलाइनमेंट सही करता है।

आगे उन्होंने कहा, आप गाड़ी का अलाइनमेंट करवाते हो, अगर अलाइनमेंट नहीं करवाओ तो गाड़ी टेढ़ी-मेढ़ी चलती है। योग आपको अलाइन करता है आपकी जर्नी के लिए। उससे ही शुरू होती है लाइफ। मैं कोई बाबा तो हूं नहीं जो ये सब बता रहा हूं। लेकिन सच बात तो ये है कि अगर आप योग करते हो तो कुछ भी पा सकते हो लाइफ में।

इसके साथ ही दिलजीत ने कहा, मुसीबतें तो आएंगी। टेंशन तो आएगी। मुझे जितनी टेंशन रोज आती है, मैं बता भी नहीं सकता आपको क्या-क्या टेंशन होती है। तो जितना बड़ा काम उतनी बड़ी टेंशन। लेकिन रास्ता अपने आप बनता जाता है और टेंशन दूर हो जाती है। तो जितना भी यूथ है यहां अगर आप ट्राय कर सकें तो योग शुरू कर दें।

# अब लौट रही साइबर फ्रॉड में गई धनराशि, देवास पुलिस द्वारा प्रारंभ किया गया 'ऑपरेशन सायबर'

- फ्रॉड होने के 16 घंटे राशि 4500/- रुपये होल्ड करवाए गए
- पुलिस अधीक्षक ने गठित किया ज़िला स्तरीय सायबर-तंत्र,प्रत्येक थाने पर मौजूद हुवे ''साइबर-मित्र''

**देवास**

सायबर फ्रॉड की तत्काल सूचना देने हेतु "डायल-100" और "डायल-1930" के प्रयोग हेतु जनता को किया जा रहा "पुलिस चौपाल" के द्वारा जागरूक, फ्रॉड की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल एक्शन में आयेगा साइबर-तंत्र,फ्रॉड गई राशि को होल्ड करवाकर माननीय न्यायालय से राशि पुनःआवेदक के खाते में लौटाने तक पुलिस करेगी सतत मॉनिटरिंग ।



देवास पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद द्वारा 360-पुलिसिंग के अन्तर्गत ज़िलेवासियों को सायबर फ्रॉड से राहत प्रदान करने हेतु "ऑपरेशन सायबर" प्रारंभ किया है । इस अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम ज़िला स्तरीय सायबर सेल के माध्यम से प्रत्येक थाना पर पदस्थ दो-दो पुलिसकर्मियों को "सायबर-मित्र" के रूप में चिह्नित कर उन्हें सायबर फ्रॉड संबंधी मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया गया है । प्रत्येक थाना स्तर पर प्रतिदिन "पुलिस चौपाल" आयोजित कर पुलिस गाँव-मोहल्ला-क़स्बा-वॉर्ड में जनता को सायबर फ्रॉड से बचने के उपाय और सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 या 100 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित कर रही है ।

इसी अनुक्रम में 29 नवंबर 2024 को आवेदक रामचन्द्र मालवी निवासी सोनकच्छ ने सायबर फ्रॉड के ज़रिए 4750/- रुपये ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी । जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे थाना सोनकच्छ पर पदस्थ साइबर मित्र सउनि गौरीशंकर एवं आर. 279 सुधीर द्वारा आवेदक से चर्चा कर फ्रॉड संबंधित जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त की एवं ज़िला सायबर सेल को प्रेषित की जहां से उक्त जानकारी एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज की गई और सतत मॉनिटरिंग की गई ।

सोनकच्छ थाना सायबर मित्र और ज़िला स्तरीय सायबर सेल द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही के चलते आवेदक की फ्रॉड गई राशि 4500/- रुपये को होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की गई जिसे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालयीन आदेश के द्वारा आवेदक के खाते में पुनःलौटाया जाएगा ।

देवास पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद ने बताया कि जहां एक तरफ़ सायबर फ्रॉड से बचने हेतु अनजान कॉलर को कोई भी निजी जानकारी शेयर ना करना और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करना ही सर्वोत्तम उपाय है, वहीं दूसरी तरफ़ सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या डायल 100 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की अपील भी देवास जिलेवासियों से की है ।

उल्लेखनीय है कि जिलेवासियों को सायबर फ्रॉड से बचाने हेतु पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोद द्वारा जारी 'ऑपरेशन सायबर' के तहत ज़िला पुलिस सायबर सेल ने 1 नवंबर 2024 से लेकर आज दिनांक तक कुल 3,90,312/- रुपये की ठगी गई राशि पुनःपीड़ितों के खाते में लौटाई है एवं विभिन्न शिकायतों मे 13,52,515/- रुपये की राशि को होल्ड भी कराया है जिसे अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर आवेदकों को लौटाया जाएगा ।

पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में ज़िले में सायबर फ्रॉड के प्रत्येक मामले पर विशेष ध्यान देकर तत्काल फ्रॉड गई राशि को ना सिर्फ़ फ्रीज़ करवाया जा रहा है बल्कि विस्तृत रिपोर्ट बनाकर माननीय न्यायालय में पेश करते हुवे फ्रॉड गई राशि को पुनःआवेदक के खाते में भी लौटाया जा रहा है ।

## भौंरासा फाटे पर दो बाइक चालक की आमने-सामने जोरदार टक्कर

**देवास**

भोपाल रोड स्थित भौंरासा फाटे पर दो बाइक चालक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवारों की रफ्तार तेज थी। हादसे में बुजुर्ग बाइक चालक गंभीर घायल हो गए, दोनों को एक ही एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। बुजुर्ग रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार अंबाराम गुर्जर (62) निवासी सरसौदा सोनकच्छ बाइक से अकेले सोनकच्छ से भौंरासा फाटे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से देवास की ओर से हरिओम उपलाउदिया जा रहा था। इसी दौरान दोनों की बाइक आपस में टकरा गई। दोनों सड़क पर गिर गए, जिन्हे लोगों ने उठाया। हरिओम के सिर पर चोंट आई और बुजुर्ग अंबाराम घायल हुआ था। अंबाराम का एक पैर घुटने के नीचे से टूटकर लटक गया था, सिर में गंभीर चोंट होने से मौत हो गई। युवक हरिओम ने बताया मैं बाइक से देवास की तरफ से जा रहा था। भौंरासा फाटे पर पता नहीं साइड से कौन आया और मेरी बाइक से टकरा गया। उस समय 2 एक्सीडेंट हुए थे, मुझे पता नहीं कैसे क्या हुआ। पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजन को सुपुर्द किया।

## बागली विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**देवास**

बागली विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विधायक बागली मुरली भंवरा और कलेक्टर ऋषव गुप्ता की उपस्थिति में जनपद पंचायत सभाकक्ष बागली में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि जय प्रकाश शर्मा, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बागली आनंद मालवीय, एसडीएम कन्नौद प्रवीण प्रजापति सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## तालाब में मछली पकड़ने गए व्यक्ति की नाव पलटी, मौत



**देवास**

देवास में शुक्रवार को तालाब में मछली पकड़ने गए एक व्यक्ति की नाव पलट गई, जिससे वह डूब गया। देर रात उसका शव तालाब से निकाला गया। शनिवार को मृतक के शव का जिला अस्पताल में पीएम हुआ, उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार, विजयागंज मंडी रोड के मडका गांव में शुक्रवार को तालाब में नाव पलटने से राजू पिता मदनलाल बाथम उम्र 44 निवासी भवानी सागर की मौत हो गई। शनिवार सुबह देवास के जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों ने बताया कि मदनलाल मछली पालन का कार्य करते थे और नाव में जाकर जाल बिछा रहे थे, इसी दौरान तालाब में नाव पलट गई, जिससे वह तालाब में डूब गया। काफी मशक्कत के बाद शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे उसका शव निकाला गया। इसके बाद उसे देवास के जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं शव का शनिवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## आपराधिक इतिहास रखने वाले कुल 29 अनावेदकों को देवास पुलिस ने करवाया 25.75 लाख रुपये की राशि से बाउण्ड ओवर

- आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जारी ''ऑपरेशन पवित्र'' के तहत की गई प्रभावी कार्यवाही,दोबारा अपराध करने पर जमा करना होगी बाउण्ड राशि या जाना होगा जेल

**देवास**

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा ज़िले में 360-पुलिसिंग के अंतर्गत "ऑपरेशन पवित्र" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत आसामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों को शांति कायम रखने हेतु अधिक से अधिक राशि से बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बाउंड ओवर किया जा रहा है एवं बाउंड ओवर अवधि में पुनःशांति भंग करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए आदतन बदमाशों से बाउण्ड राशि भरवाई जा रही है अथवा राशि ना भरने पर उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

इसी तारतम्य में थाना कोतवाली द्वारा आपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदकगणों 01. गोविंद उर्फ यश उर्फ गोगा पिता धर्मेन्द्र मोदी उम्र 19 साल निवासी लक्ष्मीपुरा देवास 02.आशु उर्फ आशिष पिता सुनिल कुछबंदिया उम्र 23 साल निवासी कंजर मोहल्ला देवास 03.प्रदीप उर्फ राहुल पिता सौदान परमार उम्र 19 साल निवासी बिहारीगंज देवास को 01 वर्ष की अवधि के लिये 01-01 लाख रुपये की राशि से एवं 01.धर्मेन्द्र पिता नारायण सांसी उम्र 27 साल निवासी अंबेडकर नगर देवास 02.आशिफ उर्फ मंजरा पिता मरहूम अफजल बेग उम्र 30 साल निवासी कबीटनगर देवास को 06 माह की अवधि के लिये 01-01 लाख रुपये की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया।

थाना नाहर दरवाजा द्वारा आपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदक अजय उर्फ जुगनु पिता ईश्वर चौधरी जाति खाती उम्र 31 साल निवासी राजोदा को 06 माह की अवधि के लिये 50,000/- रुपये की राशि से एवं नवाब उर्फ इमरान कुरैशी उम्र 38 साल निवासी इमाम चौक के पास मोहसीनपुरा देवास को 01 वर्ष की अवधि के लिये 01 लाख रुपये की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया।

थाना टोंकखुर्द द्वारा आपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदकगणों 01.श्रीराम पिता रास्ते सिह कंजर उम्र 38 साल निवासी पान्दा 02.राहुल पिता हरि सिह जाति सासी उम्र 32 साल निवासी दोता 03.दयाराम पिता रास्ते सिह कंजर उम्र 28 साल निवासी पान्दा को 01 वर्ष की अवधि के लिये 01-01 लाख रुपये की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया।

थाना भौंरासा द्वारा आपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदकगणों 01.विक्रम पिता चुन्नीलाल गारी उम्र 58 साल निवासी ग्राम पांडी 02.राहुल पिता बाबुलाल लोधी उम्र 21 साल निवासी संजय नगर 03.रवि पिता बाबुलाल लोधी उम्र 21 साल निवासी संजय नगर 04.कमल पिता रामचंद पोलाय उम्र 48 साल निवासी पांदाजागीर को 06 माह की अवधि के लिये 50,000-50,000/- रुपये की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया।

थाना औद्योगिक क्षेत्र द्वारा आपराधिक इतिहास रखने वाले अनावेदकगणों 01.रोहित पिता महेश गुर्जर उम्र 28 साल नि.बालगढ देवास 02.बबलु पिता भागीरथ चितावले चमार उम्र 30 वर्ष नि.पटेल नगर देवास 03. सुमेर सिंह पिता भारत सिंह गुर्जर उम्र 56 वर्ष नि.बालगढ देवास 04. अर्जून उर्फ अजुदा पिता बाबूलाल कुमावत उम्र 45 वर्ष नि.संजय नगर देवास को 01 वर्ष की अवधि के लिये 01-01 लाख रुपये की राशि से फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया।



# शराब की वजह से दोस्त ने मारी गुप्ती, मौत

**इंदौर**

मध्य प्रदेश में देवास जिले आगरी गांव में दोस्त ने दोस्त को गुप्ती मारकर मौत के घाट उतार दिया। दोनों के बीच शराब लाने के लिए 50 रुपये नहीं देने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

अंचल के पीपलरावां थाना क्षेत्र के दूरस्थ इलाके बालोन पुलिस चौकी के गांव आगरी में दो नशेड़ी दोस्तों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया, इसी दौरान एक ने दूसरे पर गुप्ती से पेट में दो-तीन वार करके उसकी हत्या कर दी। हत्या के आरोपित को पीपलरावां पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात की है। 55 वर्षीय नारायण पुत्र धूलजी गुर्जर व गांव का ही 35 वर्षीय मान सिंह पुत्र जीतू आपस में दोस्त हैं और आदतन नशेड़ी हैं। गुरुवार रात को आरोपित मान सिंह ने नारायण को 50 रुपये देकर शराब लाने के लिए कहा था। किसी कारण से नारायण शराब नहीं लाया तो आरोपित मान सिंह उसके घर पहुंच गया। यहां रुपये व शराब को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान मान सिंह ने नारायण के पेट में गुप्ती से वार कर दिए। वारदात की सूचना शुक्रवार सुबह पुलिस को मिली। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची।

शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। आरोपित मान सिंह को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। टीआई कमल सिंह गेहलोत ने बताया कि नारायण और व आरोपित मान सिंह दोनों नशे के आदी हैं, साथ ही रहते थे और खाते-पीते थे।

### एक हफ्ते पहले भी हुई थी हत्या की वारदात

नारायण के परिवार में कोई नहीं है, हत्या उसके घर के समीप ओटले पर हुई है। गौरतलब है कि पीपलरावां थाना क्षेत्र में करीब एक सप्ताह पहले भी हत्या की वारदात हुई थी, युवक की हत्या में उसकी पत्नी व अन्य सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

# मृत अवस्था में मिला तेंदुआ, अधिकारियों ने कहा- आपसी लड़ाई में हुई मौत

**खातेगांव/ कन्नौद**



कन्नौद वन परिक्षेत्र के सोनखेड़ी बीट में शुक्रवार को एक मृत तेंदुआ मिला था। शनिवार को मृत तेंदुए के पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार (शव दाह) किया गया।

फॉरेस्ट एसडीओ एसएल यादव ने बताया कि मृत तेंदुआ मिलने के बाद अवैध शिकार की संभावना को देखते हुए सबसे पहले क्षेत्र की घेराबंदी की गई। साथ ही एसटीएफ (स्टेट टाइगर फोर्स) के डॉग स्क्वायड को बुलवाया गया। शनिवार को स्निफर डॉग ने तेंदुए के मृत्यु स्थल के आसपास सर्चिंग की, लेकिन किसी तरह की कोई अवैध गतिविधि की जानकारी नहीं लगी।

फॉरेस्ट एसडीओ एसएल यादव ने बताया कि शव परीक्षण करने पर मृत नर तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। गले में गहरे घाव जरूर दिखे। जिसके बाद शव को जंजालखेड़ी डिपो लाया गया। यहां पशु चिकित्सक डॉ. जे.पी. यादव और डॉ. टीनू जैन ने शव का पोस्टमार्टम किया। डॉक्टर्स ने भी घाव को मांसाहारी प्राणियों की आपसी लड़ाई के कारण होना बताया। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# छात्राओं से बैड टच करने वाला 50 साल का शिक्षक मुबारिक खान गिरफ्तार

■ छेड़छाड़ सहित पाक्सो एक्ट की धारा भी लगाई।

■ ग्रामीणों ने की थी इस शिक्षक को हटाने की मांग।

■ आरोपी को गुरुवार को पेश करेंगे न्यायालय में।

**देवास/कन्नौद**

कन्नौद पुलिस थाना क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय महुड़िया में पदस्थ शिक्षक 50 वर्षीय मुबारिक खान निवासी पानीगांव पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपित शिक्षक पर पाक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। टीआई तहजीब काजी ने बताया शिक्षक द्वारा बैड टच करने की शिकायत मिली थी, मामले में जांच पड़ताल की जा रही है, आरोपित को गुरवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### एक दिन पहले ही हटाया था स्कूल से, जांच समिति भी बनाई थी।

जानकारी के अनुसार मामले की शिकायत कुछ छात्राओं व पालकों ने मंगलवार को कन्नौद एसडीएम कार्यालय में की थी। इसके बाद तहसीलदार अंजली गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंकज जाट महुड़िया स्कूल पहुंचे थे। यहां छात्राओं, स्टाफ व ग्रामीणों से पूछताछ की गई थी। इस पर ग्रामीणों ने शिक्षक को वहां से हटाने की मांग की थी। इसके बाद शिक्षक का अटेचमेंट भवाना के स्कूल में कर दिया गया था। जांच के लिए दो सदस्यीय समिति बनाई गई थी। उधर बुधवार को छात्राओं व पालकों ने कन्नौद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

बीईओ जाट ने बताया गठित समिति के सदस्य बुधवार को स्कूल गए थे लेकिन शिकायत करने वाली अधिकांश छात्राएं कन्नौद में होने के कारण नहीं मिली थीं, अन्य विद्यार्थियों व स्टाफ के बयान लिए गए हैं।

# बिजली लाईन की चपेट में आने से शख्स की मौत

**इंदौर**

न्यू देवास क्षेत्र में डबल स्टोरी मकान के निर्माण कार्य के दौरान हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मकान मालिक उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।


हादसा शनिवार शाम को हुआ। मृतक के रिश्तेदार संदीप तिलवादिया ने बताया कि रामचंदर सिंह तिलावदिया उम्र 40 निवासी सीहोर हालमुकाम न्यू देवास उनके घर के समीप ही किसी मकान में सिलावटी का कार्य कर रहे थे। काम करने के दौरान करंट लगने से उनकी मौत हो गई।

घटना स्थल के आसपास के रहवासियों का कहना है कि बिजली बंद थी। तभी वह कार्य कर रहे थे लेकिन काम करते समय अचानक बिजली चालू हो गई। जिसके चलते वह बिजली लाईन की चपेट में आ गए। जिसके कारण मौत हो गई। मृतक पिछले कई वर्षों से सिलावटी का कार्य करता था। दूसरी मंजिल पर वॉल बनाने के दौरान हादसा हुआ। घर के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाईन गुजरी थी। फिलहाल मामले को पुलिस ने जांच में लिया है।

# देवास का तापमान न्यूनतम 10 डिग्री पहुंचा

**देवास**

देवास में दिन व रात के तापमान में लगातार हो रही गिरावट के साथ अब ठंड के तेवर तीखे हो गए हैं। सर्द हवाओं के चलते दिन के समय भी ठंडा मौसम रहने लगा है। वहीं, शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके कारण मौसम में ठंडक बनी हुई है। इन दिनों सुबह और शाम को कड़ाके की ठंड का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। शनिवार को सुबह से ठंडी हवाओं के चलते सर्दी का असर रहा। सुबह 10 बजे तक भी ठंड से कोई राहत नहीं मिली। पिछले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 1 व न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।






# यूके, जर्मनी यात्रा हमारे ऊर्जावान, प्रतिभाशाली युवाओं के लिए खोलेगी नए अवसरों के द्वार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी जर्मनी और यूके यात्रा को लेकर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य मध्यप्रदेश में राज्य के युवाओं के लिए निवेश के नए अवसरों का निर्माण करना है। उन्होंने कहा "यात्रा का उद्देश्य राज्य के युवाओं के रोजगार, औद्योगिकीकरण और मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करना था। हमने पूरे समय का सदुपयोग किया। जर्मनी और यूके की यात्रा के बाद, मैं कह सकता हूँ कि यह यात्रा हमारे टेक्नों-फ्रेंड ऊर्जावान, प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है।"

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को म्यूनिख में अपने औद्योगिक प्रायोजन संबंधी यात्रा के अंतिम दिन स्थानीय मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में किए गए प्रयासों से उन्हें न केवल सफलता मिली बल्कि समझने और सीखने का भी अवसर मिला। उन्होंने यात्रा के दौरान हर पल और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी टीम के सदस्यों और प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब हम एकजुट होकर अच्छी योजना बनाते हैं, तो परिणाम भी अच्छा होता है और हमें जर्मनी से यही मिल रहा है। जर्मनी और आगे बढ़ रहा है। मैं महसूस करता हूँ कि वहां एक आंतरिक उत्साह है जो उन्हें अपनी चुनौतियों से निपटने में मदद कर रहा है। जर्मनी अपनी तकनीक को अन्य देशों के साथ साझा करने और भविष्य की यात्रा में उसका विश्वास बनाने की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जर्मनी से उन्हें कई ऐसे प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे मध्यप्रदेश को इस विश्वास के साथ आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है कि राज्य अपनी पारंपरिक क्षमताओं के साथ नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी बात है कि कृषि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वास्थ्य, शिक्षा, नई तकनीक और भारी उद्योग क्षेत्रों में जर्मनी से हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जर्मनी में हो रही तकनीकी प्रगति और उद्योगों में हो रहे नवाचारों को मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए राज्य सरकार सक्रिय रूप से कदम उठा रही है। उन्होंने आशा जताई कि राज्य के लिए यह यात्रा कई नए उद्योगों, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने सशक्त औद्योगिक ताकत के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिपल-प्रति मिनिट हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है। हमारे बौद्धिक संपन्न युवा ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर वर्ग के युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### वर्क फोर्स बनकर करेंगे काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी और यूके आर्थिक और तकनीकी रूप से साधन संपन्न देश हैं, उन्हें आवश्यकता है तो मेन पॉवर की। हमारे पास मेन पॉवर उपलब्ध है, तकनीकी रूप से दक्ष युवा है, दोनों को जोड़ने के लिए यदि जरूरत है तो भाषा की। लैंग्वेज प्रॉब्लम को दूर कर हम एक-दूसरे के पूरक के रूप में वर्क-फोर्स बनकर काम करेंगे।

## इंदौर के देपालपुर में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर



**इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार शासन-प्रशासन द्वारा ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों को शहर जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन का सिलसिला प्रारंभ किया गया है। इस सिलसिले में आज देपालपुर में वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर में इंदौर के अनेक मेडिकल कॉलेज और प्रतिष्ठित हॉस्पिटलों के विशेषज्ञ डॉक्टर्स/ पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग दो हजार 300 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, निःशुल्क दवाईयां देकर उनका उपचार भी किया। साथ ही मरीजों की अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विभिन्न तरह की निःशुल्क जांचें भी की गयी। ऐसे मरीज जो गंभीर/जटिल बीमारी से पीड़ित है, उनका चिन्हांकन किया गया, जिनका लगातार फॉलोअप और मॉनिटरिंग भी की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार इंदौर में उनका उपचार/आपरेशन भी निःशुल्क कराया जायेगा। संभागायुक्त दीपक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का शुभारंभ विधायक मनोज पटेल ने किया। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया।

## बांग्लादेशी हिन्दुओं के लिए इंदौर में निकलेगी आक्रोश रैली



**इन्दौर**

इंदौर में हिन्दू समाज 4 दिसंबर को बड़ा आंदोलन करने की तैयारी कर रहा है। इसमें दो लाख से ज्यादा लोगों के जुटने की उम्मीद है। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार सुबह आरएसएस के सुदर्शन कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें संघ से जुड़े कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और रणनीति बनाई।

बांग्लादेश में हिन्दू परिवारों पर हो रहे अत्यचार के खिलाफ यह प्रदर्शन होगा। जिसे आक्रोश रैली नाम दिया जा रहा है। संघ देशभर में तीन दिन तक बड़े प्रदर्शन करेगा। शनिवार को संघ कार्यालय में हुई बैठक में भाजपा के पदाधिकारी और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। बैठक में तय हुआ कि 4 दिसंबर को सुबह 9 बजे लालबाग परिसर से रैली शुरू होगी। जिसका समापन कलेक्टर कार्यालय पर होगा। वहां अफसरों को बांग्लादेश के खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा।

फिलहाल रैली का रुट तय नहीं हुआ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंशा है कि बांग्लादेश सरकार को भारत से यह संदेश इस प्रदर्शन के माध्यम से जाए कि हिन्दू समाज एकजुट है और वह बांग्लादेश के हिन्दू परिवारों के साथ है। बैठक में व्यापारी संगठनों ने कहा कि वे बांग्लादेश में हो रही हिंसा के विरोध में व्यापारिक प्रतिष्ठान भी आधे दिन बंद रखेंगे।

बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि भारत सरकार को अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश पर दबाव बनाना चाहिए। संघ के पदाधिकारियों ने बैठक में बताया कि तीन दिन तक देशभर में बड़े आंदोलन इस मुद्दे पर होंगे। संघ और उससे जुड़े संगठनों की पैठ मालवा-निमाड़ में ज्यादा है, इसलिए यहां की रैली ज्यादा प्रभावी होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिटिया मुस्कान को दी बधाई



**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोकनगर की बिटिया मुस्कान रघुवंशी को अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर विजय प्राप्त करने के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिटिया मुस्कान ने माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा ध्वज फहराकर मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी मुस्कान को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, सफल और उज्वल भविष्य की कामना की है।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक पंकज पाण्डेय द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एल.यू.एन. 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़ इंडस्ट्रियल एरिया इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 602 अलस्टर मेरी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड़ इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक पंकज पाण्डेय संपर्क: +91 9329908805